# सेवन स्टार इंटरनेशनल स्कूल बणी

समय-1घंटा15मिनट | आवधिक परीक्षा कक्षा-नवमी विषय-हिंदी। | पूर्णांक 40

## खंड क

1. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 7

वर्तमान युग कंप्यूटर का युग है। यदि भारतवर्ष पर नजर दौड़ाकर देखें तो हम पाएँगे कि जीवन के लगभग सभी क्षेत्रों में कंप्यूटर का प्रवेश हो गया है। बैंक, रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डे, डाकखाने, बड़े-बड़े उद्योग-कारखाने, व्यवसाय हिसाब-किताब तथा रुपये गिनने तक की मशीने कंप्यूटरीकृत हो गई है। आज भी कंप्यूटर का प्रारंभिक प्रयोग है तथा आने वाला समय इसके विस्तृत फैलाव का संकेत दे रहा है। प्रश्न उठता है कि कंप्यूटर आज की जरूरत है? इसका उत्तर है-कंप्यूटर जीवन की मूलभूत अनिवार्य वस्तु तो नहीं है, किंतु इसके बिना आज की दुनिया अधूरी जान पड़ती है। सांसारिक गतिविधियाँ, परिवहन और संचार उपकरणों आदि का ऐसा विस्तार हो गया है कि उन्हें सुचारु रूप से चलाना अत्यंत कठिन होता जा रहा है। पहले मनुष्य जीवन-भर में यदि सौ लोगों के संपर्क में आता था, तो आज वह दो हजार लोगों के संपर्क में आता है। पहले वह दिन में पाँच-दस लोगों से मिलता था, तो आज पचास-सौ लोगों से मिलता है। पहले वह दिन में काम करता था, तो आज रातें भी व्यस्त रहती है। आज व्यक्ति के संपर्क बढ़ रहे हैं, व्यापार बढ़ रहे हैं, गतिविधियाँ बढ़ रही है, आकांक्षाएं बढ़ रही हैं तथा साधन बढ़ रहे हैं। इस अनियंत्रित गति को सुव्यवस्था देने की समस्या आज की प्रमुख समस्या है। कहते हैं आवश्यकता आविष्कार की जननी है। इस आवश्यकता ने अपने अनुसार निदान ढूँढ लिया है।

कंप्यूटर एक ऐसी स्वचालित प्रणाली है, जो कैसी भी अव्यवस्था को व्यवस्था में बदल सकती है। हड़बड़ी में होने वाली मानवीय भूलों के लिए कंप्यूटर रामबाण औषधि है। क्रिकेट के मैदान में अंपायर की निर्णायक भूमिका हो या लाखों-करोड़ों की लंबी-लंबी गणनाएँ, कंप्यूटर पलक झपकते ही आपकी समस्या हल कर सकता है। पहले इन कामों को करने वाले कर्मचारी हड़बड़ाकर काम करते थे, एक भूल से घबराकर और अधिक गड़बड़ी करते थे। परिणामस्वरूप काम कम, तनाव अधिक होता था। अब कंप्यूटर की सहायता से काफी सुविधा हो गई है।

(क) गद्यांश के अनुसार, किस आवश्यकता ने कंप्यूटर में अपना निदान ढूँढ लिया है?

(1) अनियंत्रित कर्मचारियों को अनुशासित करने की

(ii) अनियंत्रित गति को सुव्यवस्था देने की

(iii) अधिक-से-अधिक लोगों से जुड़ जन-जागरण लाने की

(iv) अधिक-से-अधिक कार्य कभी भी व कहीं भी करने की

(ख) वर्तमान युग कंप्यूटर का युग है' कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन करें।

1. क्योंकि कंप्यूटर के बिना जीवन की कल्पना असंभव-सी हो गई है।
2. क्योंकि कंप्यूटर ने पूरे विश्व के लोगों को जोड़ दिया है।
3. क्योंकि कंप्यूटर जीवन की अनिवार्य मूलभूत वस्तु बन गया है।
4. क्योंकि कंप्यूटर मानव सभ्यता के सभी अंगों का अभिन्न अवयव बन चुका है।

कूट

(i) केवल 1 सही है(ii) 1 और 2 सही हैं (iii) 2 और 3 सही है (iv) 3 और 4 सही हैं

(ग) कथन (A) आज की दुनिया कंप्यूटर के बिना अधूरी है।

कारण (R) वर्तमान समय में सारी व्यवस्था, उपकरण और मशीनें कंप्यूटरीकृत हैं।

(i) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ii) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत है।

(iii) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(iv) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) 'मानवीय भूलों के लिए कंप्यूटर रामबाण औषधि है।' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ङ) कंप्यूटर के प्रयोग से पहले अधिक तनाव क्यों होता था?

2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनिए। 5

गधा सबसे ज्यादा बुद्धिहीन समझा जाता है। हम जब किसी आदमी को पहले दर्जे का बेवकूफ कहना चाहते हैं, तो उसे गधा कहते हैं। गधा सचमुच बेवकूफ या उसके सीधापन, उसकी निरापद सहिष्णुता ने उसे यह पदवी दे दी है, इसका निश्चय नहीं किया जा सकता। गायें सींग मारती हैं, ब्याई हुई गाय तो अनायास ही सिंहनी का रूप धारण कर लेती है। कुत्ता भी बहुत गरीब जानवर है, लेकिन कभी-कभी उसे भी क्रोध आ जाता है; किंतु गधे को कभी क्रोध करते नहीं सुना, न देखा। जितना चाहो गरीब को मारो, चाहे जैसी खराब, सड़ी हुई घास सामने डाल दो, उसके चेहरे पर कभी असंतोष की छाया भी न दिखाई देगी।

(i) प्रस्तुत गद्यांश में किसके सीधापन के बारे में बताया गया है?

(क) बैल के (ख) गधे के। (ग) भैंस के। (घ) कुत्ते के

(ii) किस तरह के आदमी को गधे की संज्ञा दी जाती है?

(क) बिल्कुल बुद्धिहीन व्यक्ति को (ख) सीधे-साधे व्यक्ति को

(ग) बुद्धिमान व्यक्ति को (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

(iii) 'निरापद सहिष्णुता' से क्या अभिप्राय है?

(क) किसी को विपदा में डालने वाली सहनशीलता

(ख) किसी को विपदा में न डालने वाली सहनशीलता

(ग) बुद्धिहीन व्यक्ति की सहनशीलता

(घ) बुद्धिमान व्यक्ति की सहनशीलता

(iv) किस जानवर को कभी क्रोध करते न देखा और न सुना गया?

(क) गाय को (ख) कुत्ते को (ग) बैल को। (घ) गधे को

(v) निम्नलिखित कथनों में से सहित कथन वाला विकल्प चुनिए:

(i) गधे के चेहरे पर कभी असंतोष दिखाई नहीं देता है।

(ii) किसी मनुष्य को अत्यधिक मूर्ख कहने के लिए उसे गधा कहा जाता है।

(iii) गधा प्रत्येक परिस्थिति में समानता का भाव रखता है।

(क) कथन (i) सही है, किंतु (ii) और (iii) गलत हैं।

(ख) कथन (i) गलत है, किंतु (ii) और (iii) सही हैं।

(ग) कथन (i), (ii) सही हैं, किंतु (iii) गलत है।

(घ) कथन (i), (ii) और (iii) तीनों सही हैं।

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (कोई पांच) 6*2=12

1. "गांव के इतिहास में यह घटना अभूतपूर्व ना होने पर भी महत्वपूर्ण थी ।"बैलों का घर लौट आना कोई साधारण घटना नहीं है कैसे?

2. "जगन मास्टर दूसरे मिजाज के आदमी थे" जगन मास्टर का व्यक्तित्व कैसा था? कहानी में से उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

3. किन घटनाओं से पता चलता है कि हीरा मोती में गहरी दोस्ती थी?

4. लेखक के अनुसार वृद्धि और तरुण दोनों ही वर्तमान से असंतुष्ट रहते हैं पर दोनों की असंतुष्टि के कारण भिन्न है आपके विचार से उनकी असंतुष्टि के क्या-क्या कारण हो सकते हैं?

5. निबंध शास्त्र के आचार्य ने आदर्श निबंध लिखने की कौन-कौन सी युक्तियां सुझाई हैं आप किसी भी विषय पर निबंध लिखने से पहले किस तरह की तैयारी करते हैं?

6." धीरे-धीरे सब पराए हाथ में चला गया" इस वाक्य में किस घटना की ओर संकेत किया गया है?

4. निम्नलिखित बहु वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 2

1 निबंध में समाज-सुधार के संदर्भ में क्या कहा गया है?

(क) सुधारों की आवश्यकता हर युग में बनी रहती है।

(ख) सुधार केवल बड़े विचारकों द्वारा संभव हैं। (ग) सुधार केवल आधुनिक युग की देन हैं।

(घ) सुधारों का कोई अंत नहीं, लेकिन दोष समाप्त हो जाते हैं।

2. ताई के जीवन के दुख का मुख्य कारण क्या था?

(क) सम्मान और प्रतिष्ठा में कमी आना (ख) परिवार से दूरी और संवाद का अभाव

(ग) आर्थिक विपन्नता और निर्धनता (घ) मिट्ठू के प्रति प्रेम और संवाद

3.. गया द्वारा डंडे से मारने पर मोती का आक्रोश किस मानवीय मनोवृत्ति का द्योतक है?

(क) स्वाभिमान (ख) अहिंसा (ग) पराधीनता घ) अन्याय की रक्षा

4. जगन मास्टर कौन सी किताब पढ़ते थे?

1. गीता रहस्य। 2. गीता रामायण 3. साहित्य विमर्श 4. गीता मीमांसा

## खंड ख व्याकरण

5. निम्नलिखित बहुविकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 14

1.कृत्' प्रत्यय लगता है-

(a) क्रिया के अन्त में(b) संज्ञा के अन्त में(c) सर्वनाम के अन्त में (d) विशेषण के अन्त में

2. इन' प्रत्यय का प्रयोग किस शब्द में हुआ है?

(a) पुजारिन(b) कठिन। (c) चिह्न (d) मीन

3. आमरण' में कौन-सा समास है?

(a) तत्पुरुष (b) अव्ययीभाव (c) द्वन्द्व (d) द्विगु

4. 'देव जो महान है' यह किस समास का उदाहरण है?

(a) अव्ययीभाव(b) कर्मधारय। (c) बहुव्रीहि (d) तत्पुरुष

5. 'बचपन' कौन-सी संज्ञा है?

A) जातिवाचक B) भाववाचक C) व्यक्तिवाचक D) समूहवाचक

6. 'वे मैदान में खेल रहे हैं।' सर्वनाम है—

A) मैदान B) खेल C) वे D) रहे

7. क्रोध मनुष्य का शत्रु है।

क. जातिवाचक ख. व्यक्तिवाचक ग. भाववाचक घ कोई नहीं

8. 'जो बोले सो कुंडी खोले' किस सर्वनाम का उदाहरण है?

क. अनिश्चयवाचक सर्वनाम ख. निश्चयवाचक सर्वनाम

ग. संबंधवाचक सर्वनाम घ. निजवाचक सर्वनाम

9. 'स्वतः', 'स्वयं' किस सर्वनाम के उदाहरण हैं?

क. अनिश्चयवाचक सर्वनाम ख. निश्चयवाचक सर्वनाम

ग. संबंधवाचक सर्वनाम। घ. निजवाचक सर्वनाम

10. कुछ फूल तोड़ लाओ।

क. संख्यावाचक। ग. अनिश्चित परिमाणवाचक

ख. निश्चित परिमाणवाचक। घ. गुणवाचक

11. बाहर बहुत लोग खड़े थे।

क. निश्चित संख्यावाचक। ग. परिमाणवाचक

ख. अनिश्चित संख्यावाचक घ. गुणवाचक

12. नेत्रहीन' किस समास का उदाहरण है?

(a) द्वन्द्व (b) कर्मधारय (c) बहुव्रीहि (d) तत्पुरुष

13. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ बता के वाक्य प्रयोग करें-

दांतों पसीना आना। 2. दिल में ऐठंकर रह जाना

98052 83345

Berisandook